भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 866
दिनांक 23 जुलाई, 2026

तेलंगाना में शहरी गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार

†866. **श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डीः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना में जिला-वार शहरी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) राज्य में सीजीडी नेटवर्क के अंतर्गत आने वाले घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शनों, कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) स्टेशनों और औद्योगिक/वाणिज्यिक उपभोक्ताओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का तेलंगाना के छूटे हुए जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों में सीजीडी नेटवर्क का विस्तार करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्यव्यापी सीजीडी कवरेज प्राप्त करने के लिए कितनी निधियां आवंटित की गई हैं, क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए है और निर्धारित समय-सीमा क्या है ?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी की आपूर्ति और परिवहन क्षेत्र को सीएनजी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन अवसंरचना और अन्य सुविधाओं का निर्माण करना शामिल है, जिसे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के अनुसार प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जा रहा है।

पीएनजीआरबी ने पूरे तेलंगाना राज्य (ग्रामीण क्षेत्रों सहित) को शामिल करते हुए तेलंगाना राज्य में 9 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) को (तेलंगाना और कर्नाटक में फैले एक जीए सहित) सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए प्राधिकृत किया है। एमडब्ल्यूपी लक्ष्यों के अनुसार, प्राधिकृत कंपनियों को तेलंगाना राज्य में 2032 तक लगभग 37,62,401 पीएनजी घरेलू कनेक्शन प्रदान करने, 812 सीएनजी स्टेशन स्थापित करने और 20,504 इंच-किमी पाइपलाइन अवसंरचना बिछाने की आवश्यकता है। दिनांक 31.05.2026 की स्थिति के अनुसार, प्राधिकृत सीजीडी कंपनियों ने तेलंगाना राज्य में 2,64,701 पीएनजी घरेलू कनेक्शन, 243 पीएनजी वाणिज्यिक कनेक्शन, 219 पीएनजी औद्योगिक कनेक्शन प्रदान किए हैं और 246 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं। निवेश, प्राधिकृत कंपनी द्वारा पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत और अनुमोदित कार्य कार्यक्रम के अनुसार किया जाता है। दिनांक 31.05.2026 की स्थिति के अनुसार तेलंगाना राज्य में सीजीडी नेटवर्क की जिला-वार प्रगति अनुलग्नक में है।

****

'तेलंगाना में शहरी गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार' के संबंध में दिनांक 23.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 866 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिनांक 31.05.2026 की स्थिति के अनुसार तेलंगाना राज्य में सीजीडी नेटवर्क की प्रगति

क्रम सं.	जीए का नाम	अधिकृत संस्था का नाम	कवर किए गए जिले	घरेलू कनेक्शन	वाणिज्यिक कनेक्शन	औद्योगिक कनेक्शन	सीएनजी स्टेशन
1	भद्राद्रि कोठागुडेम और खम्मन जिले	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	भद्राद्रिकोठागुडेम जिला	0	0	0	5
			खम्मम जिला	2144	9	0	8
2	जगतियाल , पेड्डापल्ली , करीमनगर और राजन्नासिरसिल्ला जिले	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	जगतियाल जिला	0	0	0	1
			करीमनगर जिला	0	0	0	4
			पेड्डापल्ली जिला	818	0	0	3
			राजन्नासिरसिला जिला	0	0	0	1
3	जनगांव , जयशंकर भूपलपल्ली , महबूबाबाद , वारंगल शहरी और वारंगल ग्रामीण जिले	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	जनगांव जिला	0	0	0	1
			जयशंकर बूपलपल्ली जिला	0	0	0	1
			महबूबाबाद जिला	0	0	0	1
			वारंगल ग्रामीण जिला	3683	12	3	2
			वारंगल शहरी जिला	844	0	0	6
4	मेडक , सिद्दिपेट और संगारेड्डी जिले	टोरेंट गैस लिमिटेड	मेडक जिला	0	2	15	4
			संगारेड्डी जिला	235	3	17	11
			सिद्दीपेट जिला	2629	11	38	6
5	मेडचल-मलकाजगिरी , रंगा रेड्डी और विकाराबाद जिले	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	मेडचल-मलकाजगिरी जिला	595	7	12	6
			रंगा रेड्डी जिला	573	13	19	19
			विकाराबाद जिला	5354	0	0	5
6	नलगोंडा सूर्यपेट और यादाद्री भुवनगिरी जिले		नलगोंडा जिला	229	7	3	11
			सूर्यपेट जिला	86	25	0	4
			यदाद्रि भुवनगिरी जिला	5936	14	4	8
7	निज़ामाबाद, आदिलाबाद, निर्मल, मंचेरियल कुमुराम भीम आसिफाबाद और कामारेड्डी जिले	महाराष्ट्र प्राकृतिक गैस लिमिटेड	आदिलाबाद जिला	0	0	0	4
			कामारेड्डी जिला	0	0	0	3
			कुमुराम भीम आसिफाबाद ज़िला	0	0	0	0
			मंचेरियल जिला	0	0	0	3
			निर्मल जिला	0	0	0	3
			निज़ामाबाद जिला	0	0	0	16
8	जोगुलम्बागडवाल , नागरकर्नूल , महबूबनगर , नारायणपेट , वानापर्थी और यादगीर जिले	मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड	जोगुलम्बागडवाल जिला	0	0	0	3
			महबूबनगर जिला	143	3	8	5
			नागरकर्नूल जिला	0	0	0	1
			नारायणपेट जिला	0	0	0	1
			वानापर्थी जिला	0	0	0	2
9	हैदराबाद	भाग्यनगर गैस लिमिटेड	हैदराबाद जिला	22872	2	0	32
			मेडक जिला	0	0	0	2
			मेडचल-मलकाजगिरी जिला	187198	111	97	19
			रंगा रेड्डी जिला	31355	22	2	41
			संगारेड्डी जिला	7	2	1	4
कुल				**264701**	**243**	**219**	**246**

(स्रोत: पीएनजीआरबी)

*****